सामाजिक अध्ययन

schools.aglasem.com


aglasem.com

1	हमारा अतीत एक अलग था लेकिन इसका विकास धीरे-धीरे हुआ अत: दिए गए क्रम में से कौन सा सही है-				
	(अ)जंगली- सभ्य-बर्बर	(ब)आखेटक-पशुचारण -कृषक	(स)पशुचारण-कृषक-आखेटक	(द)जंगली-औद्योगिक-कृषक	( )
2	आदिमानव का जीवन अलग सा देखने को मिलता वह प्रारंभ में एक खाद्य संग्राहक का कार्य करता था बाद में कृषि कार्य धीरे धीरे भाषा विकास, औद्योगिक कार्य के साथ ही आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ता गया यह क्या कहलाता है?				
	(अ)विकास	(ब)उद्विकास	(स)संघर्ष	(द)स्तरीकरण	( )
3	सभ्यताओं के बारे में कुछ कथन दिए गए हैं कौन सा कथन गलत होगा?				
	(अ)कालीबंगा एवं लोथल में अग्निकुंड मिले	(ब)हड़प्पा मोहनजोदड़ो में बड़े-बड़े भंडार गृह मिले	(स)मोहनजोदड़ो में बड़े-बड़े स्नानागार मिले थे	(द)मोहनजोदड़ो सभ्यता में स्नानागार का अभाव था |	( )
4	दर्शन व संस्थापकों में से कौनसा एक युग्म अन्य से भिन्नता रखता है?				
	(अ)वैशेषिक दर्शन-ऋषि कणाद	(ब)न्याय दर्शन - गौतम	(स)सांख्य दर्शन - कपिल	(द)योग दर्शन – व्यास	( )
5	हमारे देश में अनेक राजाओं का राज रहा है उनमें से एक है अशोक महान, अशोक महान का धम्म किस धारणा को अंकित करता है?				
	(अ)अशोक का धम्म पूजा व कर्मकांड पर बल देता है	(ब)धम्म जानवरों की बली पर बल देता है	(स) अपने धर्म की प्रशंसा व दूसरों के धर्म की निंदा करता है	(द)अपने धर्म के साथ-साथ दूसरों के धर्म की भी प्रशंसा करता है	( )
6	मैंने अपनी विरासत का अनुमान लगाते समय अपने पिता की जमीन का आधा हिस्सा अपने नाम और आधा हिस्सा अपने भाई के नाम समझा। लेकिन मेरे पिताजी ने सारी जमीन मेरे भाई को दे दी। मैं निम्न में से किस कानून का उपयोग करके अपने हिस्से की जमीन को प्राप्त कर सकती हूं?				
	(अ)हिंदू अधिनियम धारा 2005	(ब)सूचना का अधिकार अधिनियम 2005	(स)बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006	(द)निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2010	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

7	सविता और बबीता में खेत की मेड़ को लेकर विवाद हो गया सविता ने बबीता को मारना शुरू कर दिया अगर आप बबीता हो तो क्या करोगे?				
	(अ)स्वयं ही सविता को पीट लेंगी	(ब)अपने भाई के साथ मिलकर सविता को मारेंगे	(स)पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाएंगे	(द)लोगों को इकट्ठा करके चिल्लाना शुरू कर देंगे	( )
8	प्राय: यह देखा जाता है की बचपन में लड़कों के चोट लगने पर वह रोने लगते हैं तो माता-पिता या परिवार के अन्य सदस्य बोलते हैं रोना नहीं, तुम तो लड़के हो यह कथन किस धारणा की ओर ध्यान दिलाता है?				
	(अ)रूढ़िवादी	(ब)हीन भावना	(स) अ एवं ब दोनों	(द)पूर्वाग्रह	( )
9	सामाजिक की एक कक्षा में अध्यापिका द्वारा सरकार का अध्ययन करवाया जा रहा था सरकार से तात्पर्य किस संस्था से है?				
	(अ)कार्यपालिका	(ब)व्यवस्थापिका	(स)वित्त विभाग	(द)न्यायपालिका	( )
10	निम्न सभ्यताओं में से एक सभ्यता भिन्न है उसे अलग कीजिए				
	(अ)मिश्र की सभ्यता	(ब)चीन की सभ्यता	(स)मेसोपोटामिया की सभ्यता	(द)कालीबंगा की सभ्यता	( )
11	कक्षा 6 की सामाजिक की कक्षा में अध्यापिका द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा था कि सभी जीव जीना चाहते हैं ,सभी के लिए जीवन प्रिय है किसी भी जीव की हत्या नहीं करनी चाहिए। यह कथन महावीर के कौन से सिद्धांत की व्याख्या करता है?				
	(अ)सत्य	(ब)अपरिग्रह	(स)अस्तेय	(द)अहिंसा	( )
12	निम्न सभ्यताओं में से एक सभ्यता भिन्न है उसे अलग कीजिए-				
	(अ)मिश्र की सभ्यता	(ब)चीन की सभ्यता	(स)मेसोपोटामिया की सभ्यता	(द)कालीबंगा की सभ्यता	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

13	आपके सामने विश्व मानचित्र है। निम्न में से किस महाद्वीप में भारत देश स्थित है?  				
	(अ) 1	(ब) 2	(स) 3	(द) 4	( )
14	कल्पना कीजिए आप मौर्य साम्राज्य के एक शहर पाटलिपुत्र के निवासी हैं निम्न में से कौनसा कथन आपके शहर के लिए उचित है				
	(अ)सम्राट का सीधा नियंत्रण रहता है	(ब)राजकुमारों को राज्यपाल नियुक्त किया गया है	(स)एक समूह द्वारा नियंत्रण है	(द)शासक मार्गों और नदियों पर सीधा नियंत्रण रखते हैं	( )
15	आपके विद्यालय में 15 अगस्त का आयोजन किया जाना है आप एक नाटक के लिए राजा की भूमिका के रूप में चुने गए हैं आपसे कहा गया है की शाही वेशभूषा मूंछों पर ताव और वीणा बजाते हुए स्वयं को प्रदर्शित करना है बताइए कि आप किस राजा की भूमिका निर्वहन करेंगे?				
	(अ)चंद्रगुप्त I	(ब)चंद्रगुप्त विक्रमादित्य	(स)समुद्रगुप्त	(द)हर्षवर्धन	( )
16	कक्षा में अध्यापिका द्वारा महाद्वीप और महासागर का चित्रों के द्वारा अभ्यास करवाया जारहा था एक छात्रा द्वारा बोर्ड पर अंग्रेजी के अक्षर S के समान महासागर की आकृति बनाई गई यह आकृति किस महासागर को प्रदर्शित करती है?				
	(अ)हिंद महासागर	(ब)आर्कटिक महासागर	(स)अटलांटिक महासागर	(द)प्रशांत महासागर	( )
17	उदाहरण के लिए गुजरात के द्वारका शहर की ट्रेन का समय 1:15 है और असम के डिब्रूगढ़ कीट्रेन का समय 3:00 बजे है बताइए दोनों ट्रेनों के स्थानीय समय में कितना अंतर होगा?				
	(अ) 1 घंटा 45 मिनट	(ब) 2 घंटा 45 मिनट	(स) 1 घंटा 15 मिनट	(द) 2 घंटा 15 मिनट	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

18	भारत देश के गुजरात राज्य में रहने वाला कबीर लंदन में रहने वाले अपने मित्र आलोक से कहता है कि आज रात्रि में 10:00 बजे शुरू होने वाले मैच का हम आनंद लेंगे उस समय लंदन में कितने बज रहे होंगे?				
	(अ)सुबह के 3 बजकर 30 मिनिट	(ब)दिन के 3 बजकर 30 मिनिट	(स)सुबह के 4 बजकर 30 मिनिट	(द)दिन के 4 बजकर 30 मिनिट	( )
19	निम्न में से एक जोड़ा अन्य से भिन्न अर्थ का है उसे चिन्हित करें।				
	(अ)सुक्त- सजाए गए पत्थर	(ब)यज्ञ- अनुष्ठान	(स)महापाषाण- सजाए गए पत्थर	(द)रथ- युद्ध में प्रयोग किया जाने वाला	( )
20	निम्नमें से एक युग्म अन्य से भिन्न है वह कौन सा है? (1) वृहद हिमालय-सबसे उत्तर में स्थित श्रृंखला (2) उत्तरी मैदान- हिमालय के दक्षिण में स्थित (3) मध्य हिमालय-हिमाद्री के दक्षिण में स्थित (4) शिवालिक हिमालय -सबसे उत्तर में स्थित				
	(अ) 1	(ब) 2	(स) 3	(द) 4	( )
21	अश्वमेध यज्ञ के आयोजन में असंगत समूह को अलग कीजिए				
	(अ)यज्ञ विशिष्ट पुरोहितों द्वारा संपन्न किया जाता है	(ब)पुरोहित जिन्हें शूद्र मानते थे उन्हें शामिल नहीं किया जाता था	(स)इस यज्ञ में राजा का प्रमुख स्थान होता था |	(द)राजा के ऊपर पुरोहित शुद्ध पवित्र जल का छिड़काव करते थे	( )
22	आप भारत के हिमालय पर्वत की शिवालिक श्रृंखला की यात्रा पर है। यदि अन्य सांस्कृतिक या पुरातात्विक सभ्यता जो आपको आकर्षित करेगी वह है				
	(अ)सतपुड़ा पर्वत	(ब)नीलगिरी की पहाड़ियां	(स)हिमाद्री	(द)कालीबंगा	( )
23	जन्मदिन के मौके पर रोशन को दादाजी से कड़क नोट मिला। रोशन ने देखा कि उस नोट पर दाहिनी ओर गांधी जी का चेहरा और बायी ओर छोटे-छोटे शेर के चित्र बने हुए हैं। यह चित्र अशोक के कौन से स्तंभ लेख का वर्णन करते हैं ?				
	(अ)टोपरा का लेख	(ब)कौशांबी का लेख	(स)सारनाथ स्तंभ लेख	(द) लोरिया का लेख	( )
24	भारत में एक राज्य तमिलनाडु के दक्षिण तमिल क्षेत्र में तीन समूह में लोग रहते थे | निम्न में से एक समूह अन्य से भिन्न है -				
	(अ)भू स्वामी- वेल्ला	(ब)साधारण हलवाह- उन्वार	(स)भूमिहीन मजदूर- दास	(द)गांव का प्रधान- ग्राम	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

			केडीसीआर	भोजक	
25	प्राचीनकाल में जीवन के चरण अर्थात आश्रम व्यवस्था का प्रचलन था। आश्रम व्यवस्था के चारों आश्रमों का सही क्रम क्या होगा (1) ब्रह्मचर्य(2) वानप्रस्थ(3) सन्यास(4) गृहस्थ				
	(अ) 1,3,4,2	(ब) 4,2,3,1	(स) 1,2,3,4	(द) 1,4,2,3	( )
26	शासन अशोक महान के सारनाथ स्तंभ लेख में चित्रित अशोक चक्र भारतीय तिरंगे में किस बात को परिलक्षित करता है? 				
	(अ)मनुष्य के चहुँमुखी विकास को रोकना	(ब)मनुष्य के गुणों को प्रदर्शित नहीं करना	(स)मनुष्य के गुणों के साथ-साथ चहुँमुखी विकास प्रगति निरंतरता का संदेश	(द)अशोक चक्र की 12 तीलियों का उल्लेख	( )
27	आप तथा आपके साथी गॉव में क्रिकेट खेल रहे हैं आपने बल्ला घुमाया और गली की ट्यूबलाइट टूट गई। अब बताइए की ट्यूबलाइट को ठीक करने का कार्य किस संस्था के द्वारा किया जाएगा?				
	(अ)नगर निगम	(ब)नगर पालिका	(स) ग्राम पंचायत	(द)नगर परिषद	( )
28	तमिलनाडु राज्य में समुद्र तट के पास एक गांव है कलपट्टू वहां के लोगों की आजीविका के लिए निम्न समूह में से उपयुक्त समूह को छांटिए -				
	(अ)टोकरी बनाना, बर्तन बनाना, धान व नारियल की खेती करना।	(ब)कारखाना कार्य, खेती, उच्च शिक्षण संस्था में नौकरी।	(स)टोकरी बनाना नगर निगम में कार्य , धान की खेती।	(द)बर्तन बनाना, कारखाना कार्य, नगर निगम के कार्य।	( )
29	मैं भ्रमण के लिए देश के किसी एक भाग में जाना चाहती हूं निम्न में से कौन सी नदियों के समूह का चयन अपने भ्रमण के लिए करेंगे				
	(अ)गंगा ,यमुना, नर्मदा	(ब)चंबल, गंगा ,ब्रह्मपुत्र	(स)ब्रह्मपुत्र, यमुना,सरस्वती	(द)गोदावरी, कृष्णा ,कावेरी	( )
30	भारत का उत्तरी मैदान उपजाऊ एवं घनी आबादी वाला क्षेत्र है इस क्षेत्र के उपजाऊ एवं घनी आबादी के लिए निम्न में से कौन सा कारण उत्तरदायी है?				
	(अ)जलोद निक्षेप	(ब)डेल्टा	(स)बांगर	(द)पठार	( )
31	राजू अपने राज्य से दूसरे राज्य में घूमने के लिए गया लेकिन उस राज्य की भाषा नहीं आती है तो राजू अपने गंतव्य स्थान तक जाने के लिए मानचित्र के किस घटक का प्रयोग करेगा?				
	(अ)दूरी	(ब)दिशा	(स)प्रतीक	(द)इनमें से कोई नहीं	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

32	राजीव अपने दोस्त दिलीप के घर जाना चाहता है लेकिन उसे रास्ते की जानकारी नहीं है | दिलीप अपने घर के रास्ते को बताने के लिए एक कच्चा आरेख बनाता है निम्न में से कौन सा आरेख बनाएगा?				
	(अ)रेखा चित्र	(ब)भौतिक मानचित्र	(स)खाका	(द)प्रतीक	( )
33	भारत एक भौगोलिक विविधता वाला देश है जहां पर अनेक प्रकार की नदियां हैं | भारत के अपवाह तंत्र में बंगाल की खाड़ी में बहने वाली नदियों का सही क्रम क्या होगा?				
	(अ)नर्मदा ,महानदी, ताप्ती, गोदावरी	(ब)महानदी, नर्मदा,कृष्णा,कावेरी	(स)महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी	(द)नर्मदा, गोदावरी, महानदी, कावेरी	( )
34	पृथ्वी की गति में कौन सा तर्क अन्य से सुमेलित नहीं है?				
	(अ)घूर्णन के समय काल को पृथ्वी दिन कहा जाता है।	(ब)पृथ्वी, सूर्य के पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाती है।	(स)पृथ्वी 1 वर्ष या 365 1/2 दिन में सूर्य का चक्कर लगाती है	(द)पृथ्वी 1 वर्ष या 365 1/4 दिन में सूर्य का चक्कर लगाती है	( )
35	उद्योग, तापीय विद्युत, संयंत्रों, रेफ्रिजरेटर, गाड़ियों का उत्सर्जी प्रभाव वायु को प्रदूषित करता है। ग्लेशियर लगातार पिघल रहे हैं। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इन सबके लिए कौन सी गैस उत्तरदायी है?				
	(अ)क्लोरोफ्लोरोकार्बन	(ब)नाइट्रोजन	(स)नाइट्रिक ऑक्साइड	(द)क्लोरीन	( )
36	प्राचीन वैदिक काल में अश्वमेघ यज्ञ धार्मिक कर्मकांड का एक महत्वपूर्ण भाग था। अश्वमेघ यज्ञ का आयोजन उस समय किसलिए किया जाता था?				
	(अ)चक्रवर्ती सम्राट बनने के लिए	(ब)धार्मिक कर्मकांड करने के लिए	(स)राजा द्वारा सोमपान करने के लिए	(द)राजा द्वारा जनता की रक्षा के लिए	( )
37	निम्नलिखित में से एक युग्म अन्य समूह से भिन्न है उसे चुनिए -				
	(अ)स्तूप- देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित करने की जगह	(ब)मंडप -स्तूप के चारों तरफ वृताकार पथ	(स)प्रदक्षिणा पथ- गर्भ गृह के ऊपर लंबाई में निर्माण	(द)गर्भ गृह -मंदिर से बाहर लोगों को इकट्ठा होने की जगह	( )
38	भारत एक विशाल भौगोलिक क्षेत्र वाला देश है। भारत का मानचित्र भौतिक, राजनीतिक परिस्थितियों को दर्शाता है। इस मानचित्र के घटकों में से कौन सा घटक भिन्न है?				
	(अ)दूरी	(ब)दिशा	(स)रेखाचित्र	(द)प्रतीक	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

39	**रतन और बलदेव में खेत की मेड को लेकर जबरदस्त लड़ाई शुरू हुई। निम्न में से कौनसा विकल्प मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने में सहायक होगा**				
	(अ) ग्राम सचिव	**(ब)सरपंच**	**(स)पटवारी**	**(द)वार्ड पंच**	**( )**
40	**निम्न में से कौन सा कथन है असमानता और भेदभाव की धारणा को स्पष्ट नहीं करता है ?**				
	(अ)साथी छात्र के गरीब होने पर दूसरे छात्र द्वारा चिढ़ाना	**(ब)लड़कियां लड़कों की तरह खेल नहीं सकती**	**(स)किसी भी समुदाय के खास उच्चारण का मजाक बनाना**	**(द)कक्षा के सभी छात्र मित्रता पूर्ण व्यवहार करते हैं**	**( )**

schools.aglasem.com
aglasem.com

ANSWER SHEET									
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**
ब	ब	स	द	द	अ	स	अ	अ	द
11	**12**	**13**	**14**	**15**	**16**	**17**	**18**	**19**	**20**
द	द	स	अ	स	स	अ	अ	अ	द
21	**22**	**23**	**24**	**25**	**26**	**27**	**28**	**29**	**30**
B	द	स	द	द	स	स	अ	द	अ
31	**32**	**33**	**34**	**35**	**36**	**37**	**38**	**39**	**40**
स	अ	स	स	अ	अ	द	स	स	द

schools.aglasem.com

aglasem.com